C.A. No. 15

सेवा में,

माननीय अध्यक्ष महोदय,
हरियाणा विधानसभा,
चंडीगढ़।

विषय हरियाणा विधानसभा में प्रक्रिया व कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 73 के तहत नोटिस।

अध्यक्ष महोदय,

मैं/हम इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। महोदय, प्रदेश में डेंगू के आए दिन नए केस आ रहे हैं। अब तक लगभग पांच हजार से ज्यादा डेंगू के मामले आ चुके हैं जो कि एक गंभीर मामला है। इससे स्पष्ट है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय पर डेंगू के रोकथाम के उपाय नहीं किए गए। पिछले वर्षों में नवंबर के प्रथम सप्ताह तक डेंगू के मामलों में कमी आ जाती थी परंतु इस वर्ष इनमें अभी तक लगातार बढौतरी हो रही है। अकेले पंचकुला में 1200 से ज्यादा केस सामने आए हैं। दूसरे व तीसरे नंबर पर क्रमशः हिसार 435 केस और करनाल 357 केस डेंगू के आए हैं। डेंगू की बीमारी को अगर ठीक से समय पर इलाज न मिले तो घातक साबित हो रही है। जिसका मुख्य कारण सरकार द्वारा समय पर रोकथाम के आवश्यक कदम न उठाए जाना है।

इसके कारण लोगों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है अतः सरकार इस सदन में अपना वक्तव्य देकर स्थिति स्पष्ट करे।

धन्यवाद।

दिनांकः 12-11-2024

भवदीय

(अर्जुन चौटाला)
विधायक रानियां